भा.मा.ब्यूरो मुख्या./प्रशासन./परिपत्र (82) 2021

दिनांक: 13 जुलाई 2021

भारतीय मानक ब्यूरो / BUREAU OF INDIAN STANDARDS

(प्रशासन विभाग / Administration Department)

परिपत्र / CIRCULAR

विषय: कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन संबन्धित ।

भारतीय मानक ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली में कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण कैंप के विस्तार का आयोजन दिनांक 14 जुलाई 2021 से 15 जुलाई 2021 तक किया जा रहा है ।

2. उपरोक्त को ध्यान मे रखते हुए, भारतीय मानक ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली में 2 अतिरिक्त दिनो के लिए निम्न विवरण अनुसार मुफ्त टीकाकरण कैंप का विस्तार किया गया है , जिसका विवरण निम्नलिखित है:

दिनांक	**समय**	**न्यूनतम आयु वर्ग**	**कोविड-19 टीकाकरण डोज (COVAXIN)**	**टीकाकरण स्थल**
14 जुलाई 2021 (बुधवार) से 15 जुलाई 2021 (गुरुवार)	सुबह 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक	18 वर्ष	प्रथम एवं द्वितीय	बीआईएस क्लब रूम, भारतीय मानक ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली

3. उपरोक्त को ध्यान मे रखते हुए निम्नलिखित का पालन करना अनिवार्य है:

i. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का पालन जैसे मास्क लगाना, सामाजिक दूरी इत्यादि ।

ii. टीकाकरण कैंप के लिए आप सभी से अनुरोध है कि निम्न प्रोफॉर्मा अनुसार आवश्यक जानकारी भरकर प्रशासन विभाग को ई-मेल (administration@bis.gov.in) के माध्यम से पहले ही बता दे , ताकि टीकाकरण कैंप में भीड़ एकत्रित न हो सके और अगले दिन टीकाकरण करवाने की जानकारी दी जा सके एवं टीकाकरण के लिए प्राथमिकता ब्यूरो के कर्मियों को दी जाएगी ।

नाम	पदनाम	आयु	विभाग	संबन्धित सरकारी पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड इत्यादि	आश्रितो का कर्मचारी से संबंध	मोबाइल नंबर

iii. टीकाकरण हेतु cowin.gov.in अथवा Arogyasetu App द्वारा पंजीकरण करवाना प्रार्थनीय है।

iv. टीकाकरण कैंप की टीम द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना अपेक्षित है ।

v. टीकाकरण हेतु साथ मे संबन्धित पहचान पत्र / आधार कार्ड आदि लाना अनिवार्य है ।

vi. निर्धारित दिन एवं समय मे आयोजित टीकाकरण कैंप में ज्यादा से ज्यादा टीका लगवाकर इस कैंप को सफल करे।

4. यह सक्षम प्राधिकारी महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(संदीप मीना)
निदेशक (प्रशासन)

संदर्भ: प्रशासन/02/62/2020

बीआईएस इंट्रानेट के माध्यम से मुख्यालय, उप महानिदेशक (मध्य क्षेत्रीय कार्यालय), सीआरओ, डीएलबीओ-1, डीएलबीओ-2, फ़रीदाबाद शाखा कार्यालय, गाजियाबाद शाखा कार्यालय, केंद्रीय प्रयोगशाला एवं एन.आई.टी.एस. के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, संविदा कर्मियों सहित को परिचालित।